**आकाशवाणी शिमला**

**30.09.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे**

## मुख्य समाचार

- मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने कहा– प्रदेश में रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा ट्राउट मछली का उत्पादन– पिछले वर्ष के मुकाबले 15 फीसदी से अधिक की वृद्धि।
- लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने पार्टी विचारधारा को बताया सर्वोपरि– कहा– प्रदेश की आंतरिक सुरक्षा से खिलवाड़ नहीं होगा बर्दाश्त।
- सातवां राष्ट्रीय पोषण माह संपन्न– पद्मश्री नेकराम शर्मा ने लोगों से दैनिक आहार में मोटे अनाज को शामिल करने का किया आग्रह।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर का आरोप– हिमाचल में कांग्रेस की गारंटियों का झूठ बेनकाब– सरकार की जनविरोधी नीतियों से लोग परेशान।

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश में ट्राउट मछली का उत्पादन रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है और ट्राउट के उत्पादन में पिछले वर्ष के मुकाबले 15 फीसदी से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को ज्यादा से ज्यादा लाभ सुनिश्चित किया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में हजारों परिवार अपनी आजीविका के लिए मछली पालन पर निर्भर हैं, इसलिए राज्य सरकार मछली उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए नीति बनाने जा रही है ताकि मछुआरों की आर्थिकी सुदृढ़ हो सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सरकारी क्षेत्र में नौ और निजी क्षेत्र में छह ट्राउट मत्स्यशालाएं चल रही हैं जोकि मछली पालकों को बीज उपलब्ध करवा रही हैं। इसके अलावा मत्स्य विभाग द्वारा मछली पालकों को ट्राउट पालन के लिए आधुनिक तकनीक से संबंधित प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुल्लू और मंडी जिले में ट्राउट पालन व्यावसायिक स्तर पर पहुंच गया है और ट्राउट पालन की बढ़ती प्रसिद्धि राज्य के पर्यटन क्षेत्र को भी नए आयाम दे रही है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में हिमाचल ट्राउट पालन के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनकर उभरा है और अब देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बन गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार मछुआरों को उच्च गुणवत्ता वाले ट्राउट ब्रूड स्टॉक और रेनबो ट्राउट बीज प्रदान करने के लिए कुल्लू के पतलीकूहल में ट्राउट ब्रूड बैंक स्थापित करने पर भी विचार कर रही है।

## विक्रमादित्य सिंह

लोक निर्माण व शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने स्पष्ट किया है कि कांग्रेस पार्टी की विचारधारा उनके लिए सर्वोपरि है लेकिन प्रदेश के लोगों के हित भी उनकी प्राथमिकता है। दिल्ली से लौटने के बाद आज शिमला में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुद्दों को लेकर कोई समझौता नहीं होगा और राज्य की आंतरिक सुरक्षा से खिलवाड़ किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि प्रदेश के ज्वलंत मुद्दों को उठाना उनका दायित्व है और वे इसे लेकर कोई समझौता नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष ने स्ट्रीट वैंडर पॉलिसी के लिए एक कमेटी बनाई है जिसकी बैठक 3 अक्तूबर को होगी और इस दौरान सभी पहलुओं पर चर्चा की जाएगी।

## कृषि मंत्री

कृषि व पशुपालन मंत्री चंद्र कुमार ने आज कांगड़ा ज़िले में ज्वाली विधानसभा क्षेत्र के नियाल–कन्याट और भलाड़ में 35 लाख रूपए की लागत से निर्मित पशु औषधालयों का उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इन पशु औषधालयों के बनने से क्षेत्र के पशुपालकों को अपने पशुधन का उपचार करवाने में

मदद मिलेगी। चंद्र कुमार ने कहा कि पशुपालकों को आपातकाल पशु चिकित्सा सेवा उपलब्ध करवाने के लिए प्रदेश सरकार ने विभिन्न विकासखंडों के लिए एम्बुलेंस उपलब्ध करवाई है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार कृषि व पशुपालन व्यवसाय के सुदृढ़ीकरण पर विशेष बल दे रही है। कृषि मंत्री ने बताया कि धर्मशाला के ढगवार में आधुनिक दुग्ध संयंत्र बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गांव में दुग्ध सहकारी समितियों का गठन भी किया जा रहा है। इनके माध्यम से दूध एकत्र किया जाएगा और रैफ्रिजरेटर मिल्क वैन के ज़रिए संयंत्र तक पहुंचाया जाएगा।

**जगत सिंह नेगी**

राजस्व व जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने आज किन्नौर ज़िले की सांगला तहसील में 18 करोड़ रूपए से अधिक की विभिन्न विकासात्मक योजनाओं के लोकार्पण व शिलान्यास किए। बाद में उन्होंने आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केन्द्र और बस स्टैंड सांगला का निरीक्षण भी किया और लोगों की समस्याओं का चरणबद्ध तरीके से निवारण करने का आश्वासन दिया। इसके अलावा जगत सिंह नेगी ने सांगला में आयोजित दो दिवसीय टुकपा वैली उत्सव के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मेले व त्योहार हमारे आपसी भाईचारे को बनाए रखने में सहयोग प्रदान करते हैं और प्रदेश सरकार जनजातीय ज़िलों की समृद्ध संस्कृति के संरक्षण व संवर्द्धन के लिए प्रतिबद्ध है। राजस्व मंत्री ने युवाओं से जनजातीय ज़िला किन्नौर की समृद्ध संस्कृति को संजोए रखने का आह्वान भी किया।

**पोषण माह**

प्रदेशभर में एक सितम्बर से चल रहा सातवां राष्ट्रीय पोषण माह अभियान आज संपन्न हो गया। इसके तहत विभिन्न स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को सही पोषण के बारे में जानकारी दी गई। मण्डी ज़िले के करसोग में आज राष्ट्रीय पोषण माह अभियान के समापन समारोह में पद्मश्री नेकराम शर्मा बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हम सभी को अपने दैनिक आहार में मोटे अनाज को शामिल करना चाहिए। नेकराम शर्मा ने कहा कि मोटे अनाज में पोषक तत्व मौजूद होने के साथ ही ये अनेक औषधीय गुणों से भरपूर होते हैं। उन्होंने कहा कि मोटे अनाज को श्रीअन्न का नाम दिया गया है और इसकी खेती अल्प संसाधन वाले कृषि जलवायु क्षेत्रों में भी की जा सकती है। इस बीच, मण्डी के पधर में राष्ट्रीय पोषण माह के तहत आयोजित ज़िलास्तरीय समापन समारोह की अध्यक्षता उपायुक्त अपूर्व देवगन ने की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ज़िले में पोषण माह के दौरान 2 लाख 25 हज़ार कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को सही पोषण का संदेश दिया गया।

**हर्षवर्धन चौहान**

उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा है कि राज्य सरकार प्रदेश के प्रत्येक बच्चे तक गुणात्मक शिक्षा पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। वे आज सोलन ज़िले के नालागढ़ स्थित राजकीय छात्रा वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला के भवन नवीनीकरण के लोकार्पण अवसर पर बोल रहे थे। हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि राज्य सरकार गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान करने के लिए शिक्षा अधोसंरचना की मज़बूती पर बल दे रही है और भविष्य की ज़रूरतों के अनुसार नए पाठ्यक्रम भी शुरू किए जा रहे हैं। उद्योग मंत्री ने कहा कि नालागढ़ उपमण्डल की मंझोली के घीड़ पंचायत और तेलीवाल गांव में मेडिकल डिवाइस पार्क का निर्माण किया जा रहा है जिससे प्रदेश के युवाओं को रोज़गार के अवसर मिलेंगे। हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि प्रदेश में बड़े पैमाने पर उद्योग स्थापित करने और उन्हें सभी सुविधाएं प्रदान करने के लिए सरकार प्रयासरत है।

**जयराम ठाकुर**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि हिमाचल में कांग्रेस की गारंटियों का झूठ बेनकाब हो गया है और प्रदेश की जनता राज्य सरकार की जनविरोधी नीतियों से परेशान है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार आए दिन लोगों पर महंगाई का बोझ बढ़ा रही है और पूर्व भाजपा सरकार द्वार शुरू की गई योजनाओं को बंद किया जा रहा है। जयराम ठाकुर ने कहा कि हिमाचल की तरह हरियाणा में भी कांग्रेस गारंटियों के नाम पर लोगों को ठगना चाह रही है लेकिन हरियाणा समेत देश की जनता कांग्रेस की झूठी गारंटियों को नकार रही है।

**स्वच्छता ही सेवा**

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर कई जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में भारत सरकार के सूचना और प्रसारण मंत्रालय के केन्द्रीय संचार ब्यूरो हमीरपुर द्वारा आज कांगड़ा ज़िला के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गढ़ जामूला में स्वच्छता पर जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। ब्यूरो के प्रभारी सुरजीत सिंह ने बताया कि इस दौरान विद्यार्थियों के लिए चित्रकला और नारा लेखन प्रतियोगिता भी करवाई गई। वहीं सूचना व प्रसारण मंत्रालय के केन्द्रीय संचार ब्यूरो मण्डी द्वारा स्वच्छता ही सेवा विषय पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सदियाणा में नारा व निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान स्वच्छता जागरूकता रैली भी निकाली गई और छात्र–छात्राओं को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई। इधर, युवा कार्यक्रम व खेल मंत्रालय के नेहरू युवा केन्द्र संगठन द्वारा शिमला के राजकीय महाविद्यालय कोटशेरा में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर ज़िला युवा अधिकारी मनीषा शर्मा ने बताया कि शिमला ज़िले में स्वच्छता अभियान के तहत 5 हज़ार 5 सौ किलो सिंगल यूज़ प्लास्टिक इकट्ठा करने का लक्ष्य रखा गया है।

इस बीच, सोलन में भी स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें स्कूली बच्चों को स्वच्छता को लेकर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। नगर निगम सोलन की महापौर ऊषा शर्मा ने छात्रों से इस अभियान को लगातार जारी रखने का आग्रह किया और स्वच्छता की शपथ भी दिलाई।

**आर.एस.बाली**

प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष आर.एस. बाली ने आज कांगड़ा ज़िला के विकासखंड नगरोटा–बगवां के तहत 5 सौ 60 पात्र परिवारों को पी.एम. आवास योजना के स्वीकृति पत्र भेंट किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पी.एम. आवास योजना के तहत राज्य और केन्द्र सरकार द्वारा तय राशि लाभार्थियों को दी जाती है। बाली ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए अनेक नई योजनाएं शुरू की हैं।